नाम ............................ **रोल नं. .......**

# 2026
# अर्द्धवार्षिक परीक्षा
## कक्षा – 9
## विषय – हिन्दी

**GSv-A**

**समय : 2:30 घण्टा]** **[ पूर्णांक : 70**

**नोट :** प्रश्न पत्र दो खण्डों में है। खण्ड अ व खण्ड ब में विभाजित है।

## खण्ड – अ

**बहुविकल्पीय प्रश्न** **20×1=20**

1. **हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास है –**
(i) भाग्यवती (ii) परीक्षा गुरू (iii) गोदान (iv) पुनर्नवा

2. **खड़ी बोली गद्य के जनक हैं –**
(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द (iii) निराला
(ii) जयशंकर प्रसाद (iv) इनमें से कोई नहीं

3. **बात निबन्ध के लेखक हैं –**
(i) प्रतापनारायण मिश्र (iii) श्याम सुंदर दास
(ii) रामचंद्र शुक्ल (iv) इनमें से कोई नहीं

4. **हंस नामक पत्रिका का प्रकाशन किया था –**
(i) प्रेमचन्द (iii) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(ii) हजारी प्रसाद द्विवेदी (iv) इनमें से कोई नहीं

5. **कबीर की रचना है –**
(i) साखी (ii) सबद (iii) रमैनी (iv) उपर्युक्त सभी

6. **मीराबाई किस काल की कवयित्री हैं –**
(i) आदिकाल (ii) भक्तिकाल (iii) रीतिकाल (iv) आधुनिक काल

7. **रहीम जी की भाषा थी –**
(i) अवधी (ii) ब्रज (iii) भोजपुरी (iv) मैथिली

8. **हिन्दी का प्रथम कवि है –**
(i) सरहपा (ii) शबरपा (iii) जगनिक (iv) कोई नहीं

9. **गुरुनानक देव निबन्ध के लेखक हैं –**
(i) रामचन्द्र शुक्ल (iii) भारतेन्दु हरिश्चन्द
(ii) हजारी प्रसाद द्विवेदी (iv) कोई नहीं

**P.T.O.**

**UPBoardHub**

10. **दीपदान एकांकी में पात्रों की संख्या है –**
(i) पाँच (ii) सात (iii) आठ (iv) नौ

11. **छायावाद युग के प्रवर्तक हैं –**
(i) जयशंकर प्रसाद (iii) महादेवी वर्मा
(ii) मैथिलीशरण (iv) कोई नहीं

12. **भारतेन्दु की रचना है –**
(i) भारत दुर्दशा (ii) उर्वशी (iii) झरना (iv) लोकायतन

13. **मैथिलीशरण गुप्त किस युग के कवि हैं –**
(i) भारतेन्दु युग (iii) छायावादी युग
(ii) द्विवेदी युग (iv) प्रयोगवादी युग

14. **नीहार क्या है –**
(i) कहानी संकलन (iii) कविता संकलन
(ii) उपन्यास (iv) रेखाचित्र

15. **वीर रस का स्थायी भाव है –**
(i) शोक (ii) उत्साह (iii) क्रोध (iv) भय

16. **चौपाई के प्रत्येक चरण में मात्राएँ हैं–**
(i) 16 (ii) 14 (iii) 12 (iv) 11

17. **जेठ का तत्सम है –**
(i) ज्येष्ठ (ii) श्रेष्ठ (iii) बड़ा (iv) लघु

18. **तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए अलंकार है –**
(i) उपमा अलंकार (iii) अनुप्रास अलंकार
(ii) श्लेष अलंकार (iv) रूपक अलंकार

19. **हर्ष का विलोम है –**
(i) वर्ष (ii) विषाद (iii) खुशी (iv) कोई नहीं

20. **गृह, सदन, गेह पर्यायवाची हैं –**
(i) गत (ii) घर (iii) खेल (iv) कोई नहीं

21. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **2×3=6**

**(क)** यदि हम वैद्य होते तो कफ और पित्त की सहवर्ती बात की व्याख्या करते तथा भूगोलवेत्ता होते तो किसी देश के जल वात का वर्णन करते किन्तु दोनों विषयों में से हमें एक बात कहने का प्रयोजन नहीं है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) प्रयोजन के पर्यायवाची लिखिए।

**(ख)** गुरु के जीवन काल में उनका प्रभाव सूर्य के समान फैलने लगा था उनके मन में किसी के प्रति राग या द्वेष नहीं था उन्होंने किसी की निंदा नहीं की और एक परमात्मा को छोड़कर किसी की स्तुति भी नहीं की।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) गुरु के पर्यायवाची लिखिए।

22. **निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **2×3=6**

**सत गुरु हम सूँ रीझि करि, एक कहा प्रसंग।**
**बरस्या बादल प्रेम का, भीजि गया सब अंग॥**

(i) प्रस्तुत दोहे का संदर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) बादल के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**अथवा**

**जो रहीम उत्तम प्रकृति का, का करि सकत कुसंग।**
**चन्दन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग॥**

(i) प्रस्तुत पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) भुजंग के पर्यायवाची लिखिए।

23. **(क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित अनुवाद कीजिए– 3+1 = 4**

सतां सज्जनानाम् आचारः सदाचारः। ये जनाः सद् एव विचारयन्ति, सद् एव आचरन्ति च, ते एव सज्जनाः भवन्ति। सज्जनाः यथा आचरन्ति तथैवाचरणं सदाचारः भवति।

**अथवा**

रामदासः नारायणपुरे निवसति। सः नित्यं ब्राह्मे मुहूर्ते उत्थाय नित्यकर्माणि करोति, नारायणं स्मरति, ततः परं पशुभ्यः घासं ददाति। अनन्तरं पुत्रेण सह सः क्षेत्राणि गच्छति।

**(ख) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित अनुवाद कीजिए – 3+1 = 4**

**यतोयततः समीहसे,**
**ततो नोऽभयं कुरु,**
**शन्नः कुरु प्रजाभ्यो**
**अभयं नः पशुभ्यः॥**

**अथवा**

**चक्षुषा मनसा वाचा कर्मणा च चतुर्विधम्।**
**प्रसादयति या लोकं तं लोको नु प्रसीदति॥**

24. **दीपदान एकांकी के कथा संगठन पर अपने विचार प्रकट कीजिए।** **5**

25. **(क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय एवं रचनाएं लिखिए।** **4**
(i) प्रतापनारायण मिश्र (ii) प्रेमचन्द (iii) महादेवी वर्मा

**(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय एवं रचनाएं लिखिए।** **4**
(i) कबीरदास (ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (iii) मैथिलीशरण गुप्त

26. **अपनी पाठ्य पुस्तक से कंठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो।** **2**

27. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए –** **2+2=4**
(i) क्रोधं केन जयेत ?
(ii) सज्जनाः के भवन्ति।
(iii) सिद्धिमन्त्रः किम् अस्ति।

28. **निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए– 2×1=2**
(i) अपने पैरों पर खड़ा होना
(ii) अक्ल चकराना
(iii) आसमान से तारे तोड़ना
(iv) ऊँट के मुँह से जीरा

29. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए–** **2+2=4**
(i) वह कठिन परिश्रम करता है।
(ii) सूर्य पूर्व से निकलता है।
(iii) तुम दोनों पढ़ते हो।
(iv) वे दोनों बाजार जाते हैं।

30. **शुल्क मुक्ति हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।** **5**

**अथवा**

**विद्यालय के प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र लिखिए।**

**UPBoardHub**